Class 6 Maths Important Questions Hindi Medium
Chapter 8 दशमलव

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
600 + 2 + $\frac{8}{10}$ को दशमलव रूप में लिखिए।
उत्तर:
602.8

प्रश्न 2.
0.6 को संख्या रेखा पर दर्शाइए।
उत्तर:


प्रश्न 3.
0.342 को लघुतम रूप में लिखिए।
उत्तर:
0.342 = $\frac{342}{1000}$ = $\frac{342 \div 2}{1000 \div 2}$ = $\frac{171}{500}$

प्रश्न 4.
11.235 को कैसे पढ़ेंगे?
उत्तर:
ग्यारह दशमलव दो तीन पाँच

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
1.09 तथा 1.093 में से कौनसी संख्या बड़ी है?
हल:
1.09 = 1 + $\frac{0}{10}+\frac{9}{100}+\frac{0}{1000}$
1.093 = 1 + $\frac{0}{10}+\frac{9}{100}+\frac{3}{1000}$
दोनों संख्याओं के शतांश स्थान तक के सभी अंक समान हैं परन्तु 1.093 के हजारवें स्थान का अंक 1.09 के अंक से बड़ा है।
अतः 1.093 > 1.09

प्रश्न 2.
सोहन ने 6 किमी. 52 मी. की दूरी बस से, 2 किमी. 265 मी. कार से और शेष 1 किमी. 30 मी. पैदल चलकर तय की। उसने कुल कितनी दूरी तय की?
हल:
बस द्वारा तय की गई दूरी = 6 किमी. 52 मी. = 6.052
किमी. कार द्वारा तय की गई दूरी = 2 किमी. 265 मी. = 2.265 किमी.
पैदल तय की गई दूरी = 1 किमी. 30 मी. = 1.030 किमी.

इस प्रकार, तय की गई कुल दूरी है

  6.052 किमी.
  2.265 किमी.
+ 1.030 किमी.
―――――――――
  9.347 किमी.

अतः तय की गई कुल दूरी = 9.347 किमी.